महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

‘विश्वविद्यालय से प्रारंभ होगी ‘विकसित भारत@2047: जागरूकता अभियान यात्रा’

वर्धा, दि. 08 जनवरी 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा ‘विकसित भारत@2047: जागरूकता अभियान-वर्धा यात्रा’ (Viksit Bharat@2047: Jagrukata Abhiyan-Wardha Yatra) का आयोजन मंगलवार 09 जनवरी को किया जा रहा है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाना इस यात्रा का उद्देश है। इस यात्रा में आर्वी, देवळी, कारंजा, आष्टी, सेलु, हिंगणघाट, वर्धा, समुद्रपुर स्थित महाविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी युवाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। यात्रा का प्रारंभ सुबह 09:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से होगा। यात्रा के सफल संचालन के लिए वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय, संयोजक तथा सह संयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थान के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. के बालराजु एवं दर्शन एवं संस्कृति विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय रहेंगे। सदस्य के रूप में डॉ.बा.अं.सि.का.मू.द.ज. अध्ययन केंद्र के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. बालाजी चिरडे, अनुवाद अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राम प्रकाश यादव, जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार वर्मा तथा शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र बाबू शामिल हैं।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
गांधी हिल्स, वर्धा-442 005 (महाराष्ट्र), भारत
फोन/फैक्स- 07152-252651
मो. 09960562305
ई-मेल: promgahvw@gmail.com